INDIAN SCHOOL SOHAR
PERIODIC TEST -1(2022-23)
SUBJECT: HINDI

Set-1

CLASS : VI
DATE : 25/05/2022

MAX MARKS: 20
TIME: 45 MIN

सामान्य निर्देश : 1. कृपया जाँच ले कि इस प्रश्न पत्र में कुल 10 प्रश्न हैं।
2. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

खंड 'क' (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (5)

एक राजा के तीन पुत्र थे। वे बहुत आलसी थे। उनका मन पढ़ाई में नहीं लगता था। राजा ने उन्हें शिक्षा दिलवाने का बहुत प्रयास किया मगर वह बेकार गया। तब उन्होंने एक प्रसिद्ध विद्वान विष्णु शर्मा को राजकुमारों को सुधारने के लिए बुलवाया । विष्णु शर्मा ने राजा को कहा कि वे केवल छह महीने में राजकुमारों को होशियार बना देंगे। अपना वचन निभाने के लिए उन्होंने राजकुमारों को मन बहलानेवाली शिक्षाप्रद कहानियाँ सुनानी आरम्भ कीं। राजकुमार शिक्षा में रुचि लेने लगे। इन्हीं शिक्षाप्रद कहानियों की किताब 'पंचतंत्र' के नाम से विश्व प्रसिद्ध है।

(क) राजा के कितने पुत्र थे?
(ख) राजकुमारों को सुधारने के लिए राजा ने किस विद्वान को बुलवाया?
(ग) विद्वान ने राजा से कितना समय माँगा?
(घ) विद्वान ने अपना वचन निभाने के लिए क्या किया?
(ड) शिक्षाप्रद कहानियों की किताब किस नाम से प्रसिद्ध है?

खंड 'ख' (व्याकरण)

निम्नलिखित प्रश्नों में से सही विकल्प को छाँटकर लिखिए। (प्रश्न सं. 2 से 6):-

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है? (1)

(क) मुझे एक फूलों की माला चाहिए।
(ख) माला चाहिए एक फूलों की।
(ग) मुझे फूलों की एक माला चाहिए।
(घ) चाहिए मुझे फूलों की एक माला।

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है? (1)

(क) मेले में बहुत लोगों की भीड़ थी ।

(ख) क्या एक कप गरम चाय मिल सकती है?

(ग) यह तो मेरा पुस्तक है।

(घ) लड़का ने पत्र लिखा।

प्रश्न 4. 'बचपन में सभी बच्चे शरारती होते हैं।' वाक्य में संज्ञा शब्द हैं- (1)

(क) सभी, शरारती

(ख) शरारती, बच्चे

(ग) बचपन, शरारती

(घ) बच्चे, बचपन

प्रश्न 5. 'पुल के ऊपर रेलगाड़ी चलती है।'वाक्य में 'पुल' शब्द संज्ञा का कौन-सा भेद है? (1)

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ख) जातिवाचक संज्ञा

(ग) भाववाचक संज्ञा

(घ) पुरुषवाचक संज्ञा

प्रश्न 6. निम्नलिखित में से कौन -सा विकल्प सही नहीं है- (1)

(क) जीतना– भाववाचक संज्ञा

(ख) समझौता– भाववाचक संज्ञा

(ग) दिल्ली - व्यक्तिवाचक संज्ञा

(घ) बाल्टी - जातिवाचक संज्ञा

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:- (2)

(क) धूप (ख) चालाक

खंड 'ग' (साहित्य)

प्रश्न 8. **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।** (2)

(क) यकायक (ख) सूराख

प्रश्न 9. 'पेचीदा' शब्द से अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए। (1)

प्रश्न10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) चिड़िया ने अंडे कहाँ पर दिए? (1)

(ख) चिड़िया के खाने के लिए बच्चों ने क्या रखा? (1)

(ग) केशव और श्यामा ने अंडों की रक्षा की या नादानी?कैसे? (3)

या

'नादान दोस्त' पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है?